सायबर शिक्षा फॉर सायबर सुरक्षा कार्यक्रम के तहत माँ बम्लेश्वरी प्रांगण में हुआ जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन

तरनजीत कौर छाबड़ा

राजनांदगांव (दैनिक अमर स्तम्भ) समाज में बढ़ रहे साइबर अपराध को ध्यान में रखते हुए स्वैक्षिक समाजसेवी संस्था सेंट्रल फॉर यूथ डेवलपमेंट एंड एक्टिविटीज (ष्ट्व्ड्ढ) छत्तीसगढ़, क्लिक हिल फाउंडेशन एवं शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के साइबर वॉरियर्स टीम द्वारा जिला पुलिस प्रशासन जिला राजनांदगांव, सायबर सेल जिला राजनांदगांव के नेतृत्त्व में नवरात्री के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ में दर्शन करने आये आमजनता को सायबर अपराध के प्रति जागरूक कर उन्हे सुरक्षित एवम सचेत करने का प्रयास किया गया। क्लब द्वारा सायबर जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गय, जिसका उद्देश्य युवाओं और आम जनता को साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में समझाना था। नाटक के माध्यम से सायबर अपराध किस प्रकार हो रहे हैं, उससे क्या क्या खतरे हैं, किस प्रकार बचा जाए, आपके साथ ऐसा होने पर कहां अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए एवम् ऑनलाइन सुरक्षा के उपाय को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया 7 इस प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक ने लगभग 1000 से भी ज्यादा लोगों को साइबर अपराध के खतरों से अवगत कराया। यह कार्य न केवल मनोरंजन का साधन बनी, बल्कि एक आवश्यक सामाजिक मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने का भी माध्यम बनी। और सभी तक यह संदेश दिया गया कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सर्वोत्तम तरीका है। उक्त कार्यक्रम में सहायक जिला पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही साथ उक्त कार्यक्रम लगभग 35 सायबर वार्रियर्स महाविद्यालय से उपस्थित रहे और कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में जिला सायबर सेल से श्री द्वारका प्रसाद लाउत्रे उपस्थित रहे।